IPS ACADEMY
THE KNOWLEDGE KINGDOM

दिनांक 2-11-2023

आइ.पी.एस.अकादमी कालेज आफ लॉ (विधि महाविद्यालय)सांवेर के हेड आफ डिपार्टमेंट (विधि विभाग प्रमुख) प्रोफेसर श्री सजल बी सक्सेना जी और असिस्टेंट प्रोफेसर कु. नैना सोलंकी के मार्गदर्शन में विधि संकाय प्रथम वर्ष के छात्र छात्राओं को आरक्षी केन्द्र सांवेर का भ्रमण करवाया। वहां आरक्षी केन्द्र प्रभारी टी आई श्री मोहन मालवीय से संपर्क किया और पुलिस थाने की नियमित दैनिक व आकस्मिक निरीक्षण व कार्यवाही की जानकारी दी । थाना प्रभारी का कक्ष, हेड मोहर्रिर (थाने के प्रधान लेखक) से मिले । उन्होंने बताया रोज़ नामचा (दैनिक केस डायरी) कैसे और क्या लिखते हैं। माल खाना, जिसमें जब्त आपराधिक माल रखते हैं और उसकी पंजी रजिस्टर जिसमें माल रखने व निकालने की प्रविष्टियां होती है।माल जांच के लिए भेजने के समय व चार्जशीट पेश करते समय कोर्ट में पेश करते हैं। प्रथम सूचना रिपोर्ट के रजिस्टर के बारे में जानकारी दी। आरक्षी केन्द्र के थाना प्रभारी , निरीक्षक, उपनिरीक्षक, प्रधान आरक्षक और आरक्षक गण से मिले। उन्होंने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान उन्हें बहुत सावधान व सतर्क रहना होता है और वो सभी अभी मुस्तैदी से अपनी ड्यूटी कर रहे हैं।

आई पी एस अकादमी के प्रेसिडेंट आर्किटेक्ट श्री अचल चौधरी जी ने महाविद्यालय की प्राचार्या श्रीमती प्रतिभा चौधरी एवं समस्त शिक्षकगण को इस कार्यक्रम की सफलता के लिए बधाई दी।

COLLEGE OF LAW, SANWER
(Approved by BCI - New Delhi, Higher Education - MP & Affiliated to DAVV, Indore)
Ujjain - Indore Road, Barodiya Khan, Sanwer, Pin-453551 (MP), INDIA
Call : 6262604161, Email : sanwer.lawoffice@ipsacademy.org, Website : www.ipsacademycampus-2sanwer.org